INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII-2nd Lang.	Department: Hindi	Date of submission:
Worksheet-6 Grammar with Answers	Topics: - पर्याय, विलोम, अनेकार्थी, सर्वनाम, वाक्य शुद्धि, वाक्यांश|	PI File in portfolio Revision worksheet

प्रश्न 1- दिए गए शब्दों के पर्यायवाची लिखिए :

गगन = नभ - आकाश - आसमान

जल = पानी - नीर - वारि

पंछी = पक्षी - विहग - नभचर

स्वर्ण = सोना - कनक - हेम

अनाज = अन्न - शस्य - धान

आनंद = प्रसन्नता - ख़ुशी - हर्ष

प्रश्न 2- दिए गए शब्दों के विलोम लिखिए :

अंधकार x प्रकाश

अनाथ x सनाथ

ऊँचा x नीचा

कठोर x मृदु

नीरस x सरस

गंदगी x सफ़ाई

तीव्र x मंद

चेतन x अचेतन

प्रश्न-3 दिए गए शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए|

लाल - बेटा , लाल रंग

फल - परिणाम , खाने वाला फल

पर - पंख , परंतु

तप - तपस्या/साधना , गरमी

अमृत - दूध , जल

वंश - कुल , बाँस

प्रश्न-4 निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम भरिए|

1- कल हम बाज़ार गए थे|

2- मैं कक्षा सात का छात्र हूँ।

3- उनका घर पास में नहीं है|

4- रमा किताब में कुछ लिख रही है|

5- अजय की छत पर कोई खड़ा है|

6- जो जैसा करता है, वैसा भरता है|

7- कल नानी के घर कौन जाएगा?

8- किरण! कल तुम स्कूल आ जाना|

9- यह चित्र उसने अपने–आप बनाया है|

10- तुम्हारा नाम क्या है?

प्रश्न-5 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए:-

1. अशुद्ध रूप - राधा ने पत्र को पढ़ा |

शुद्ध रूप : राधा ने पत्र पढ़ा ।

2. अशुद्ध रूप - मैंने अपना ग्रह कार्य कर लिया है।

शुद्ध रूप - मैंने अपना गृहकार्य कर लिया है।

3. अशुद्ध रूप - कल मैंने नया पुस्तक ख़रीदा।

शुद्ध रूप - कल मैंने नई पुस्तक खरीदी।

4. अशुद्ध रूप - भिखारी को थोड़ा चावल दे दो

शुद्ध रूप - भिखारी को थोड़े चावल दे दो।

5. अशुद्ध रूप - रमा को काटकर आम खिलाओ|

शुद्ध रूप - रमा को आम काटकर खिलाओ ।

6. अशुद्ध रूप - अपनी बात आपको मैं बताता हूँ।

शुद्ध रूप - मैं आपको अपनी बात बताता हूँ

7. अशुद्ध रूप - यह पुस्तक आपको कहाँ मिली।

शुद्ध रूप - यह पुस्तक आपको कहाँ मिली?

8. अशुद्ध रूप - हमारे देश के मनुष्य मेहनती हैं।

शुद्ध रूप - हमारे देश के लोग मेहनती हैं।

9. अशुद्ध रूप - दूध में कौन गिर गया?

शुद्ध रूप - दूध में क्या गिर गया?

10. अशुद्ध रूप - राम और सीता वन को गई।

शुद्ध रूप - राम और सीता वन को गए।

प्रश्न-6 वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए –

1- जो करने योग्य न हो – अकरणीय

2- जिसे कभी बुढ़ापा न आए – अजर

3- जो बात पहले कही न हो – अनकही

4- जिसका आदि न हो - अनादि

5- जिसका कोई मालिक न हो – अनाथ

6- श्रेष्ठ कुल में जन्म लेने वाला – कुलीन